हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, सोमवार 11 अगस्त 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 बारिश थमते ही बढ़ी पानी की डिमांड, बांगो बांध के हाईडल प्लांट को चलाया जा रहा है 36 घंटे



KCC कोरबा कम्प्यूटर कॉलेज
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर से मान्यता प्राप्त
Only for 3 Days
BCA ₹24990/-*
BBA ₹20990/-*
Bcom ₹11999/-*
DCA ₹15990/-*
PGDCA ₹16990/-*
MSC(cs) ₹14990/-*
Get Upto 100% Scholarship
Admission Open
Address Budhwari - Ghanta Ghar Road Korba (C.G.)
Website www.kcc.ac.in
+91 9907119500
* T & C Applied

## खबर संक्षेप



### 12 को निकाली जाएगी 300 फीट लंबी तिरंगा शोभायात्रा

**हरदीबाजार।** भाजपा मंडल भिलाईबाजार के द्वारा 79वीं स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम मोर तिरंगा मोर अभिमान, हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा अभियान 10 से 15 अगस्त तक किया जाना है। अभियान का मुख्य उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना, ऑपरेशन सिंदूर, ऑपरेशन महादेव, देश के वीर शहीदों को नमन कर याद करना एवं देश की सुरक्षा में तैनात जवानों के सम्मान, स्वच्छता के प्रति व्यापक जनचेतना का निर्माण के लिए किया जाना है। इसी कड़ी में भाजपा मंडल भिलाईबाजार द्वारा 12 अगस्त को 300 फीट लंबाई की भव्य तिरंगा शोभा यात्रा निकाली जानी है। दोपहर 3 बजे से रलिया बस स्टैंड से भिलाईबाजार चौक 5 किलोमीटर की रहेगी। उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आम जनमानस को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए भाजपा मंडल भिलाई बाजार के द्वारा आग्रह किया गया है।

### पिछले वर्ष से माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बनाया है नियम

# मूल्यांकन में गड़बड़ी और खराब रिजल्ट के मामले में शिक्षकों पर कार्रवाई की अनुशंसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन कार्य में गड़बड़ी करने वाले और खराब रिजल्ट के मामले में माध्यमिक शिक्षा मंडल ने ऐसे शिक्षकों की सूची जारी कर दी है जिन पर कार्यवाही की अनुशंसा की गई** है। उक्त सूची में जिले के 9 स्कूलों में व्याख्याता शामिल हैं। जिनपर कार्यवाही की जाएगी।

बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद पुर्नमूल्यांकन के लिए अधिकांश छात्रों ने अपने आवेदन दिए थे। जिसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य दोबारा शुरु कराया। जिसमें पूर्व में हुए मूल्यांकन कार्य में की गई गड़बड़ी का खुलासा हुआ। कार्य के मूल्यांकन के दौरान 20 से लेकर 40 नंबर तथा 50 से 40 नंबर तक के वृद्धि हुई थी। ऐसे गड़बड़ी करने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा तीन श्रेणी बनाई गई थी जिनमें 20 से 40 अंकों की वृद्धि करने वाले पहले नंबर पर थे। उसके बाद 41 से 49 अंक और फिर 40 से 50 नंबर वाले शिक्षक शामिल हैं। इन पर कार्यवाही के लिए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने पूर्व में नोटिस जारी की थी। इस कार्यवाही के तहत ऐसे शिक्षकों को माध्यमिक शिक्षा मंडल ने मूल्यांकन कार्य में गड़बड़ी के लिए दोषी माना है उन्हें मूल्यांकन कार्य से तीन साल से पृथक करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इसके साथ ही ऐसे शिक्षकों की वेतन वृद्धि रोकने की भी कार्यवाही की जाएगी।

#### खास बात

- माध्यमिक शिक्षा मंडल की सूची में जिले के 9 स्कूलों के शिक्षक शामिल



फाइल फोटो

#### जिले के इन स्कूलों के शिक्षक शामिल

कोरबा ब्लॉक-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पोड़ीबहार, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, निर्मला अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रजगामार, बालको टाउनशिप अंग्रेजी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय
कटघोरा ब्लॉक-बीकन अंग्रेजी माध्यम विद्यालय दर्री, बीकन अंग्रेजी माध्यम उमावि ढेलवाडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाईबाजार
पाली ब्लॉक-शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुनगाडीह
करतला ब्लॉक- शासकीय नवीन उमावि पठियापाली

#### वेतन वृद्धि रोकने के है निर्देश

माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा मूल्यांकन कार्य में गड़बड़ी करने वाले शिक्षकों के विरुद्ध वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश मिले हैं। कल सभी शिक्षकों की इसके निर्देश जारी कर दिए जाएंगे।

-टीपी उपाध्याय,
जिला शिक्षा अधिकारी

# लापरवाह कार चालक ने दो बाइक को मारी टक्कर, तीन गंभीर रूप से घायल


क्षतिग्रस्त बाइक।


दुर्घटनाकारित कार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार कार के चालक ने तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वीआईपी रोड में दो मोटर सायकल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार 3 लोग गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। जिन्हें उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है वहीं दुर्घटनाकारित कार को सिविल लाइन पुलिस ने जप्त कर लिया है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार की शाम लगभग 4 बजे कार क्रमांक सीजी 04 क्यूई 1680 के चालक ने आईटीआई से बुधवारी जाने वाले वीआईपी रोड पर तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए दो मोटरसाइकिल सवारों को टक्कर मार दी। जिसमें एक मोटर सायकल क्रमांक सीजी 12 एएस 5498 में दो लोग सवार थे जबकि एक अन्य मोटर सायकल में एक युवक सवार था तीनों को गंभीर चोट आयी है। हादसे की सूचना मिलने पर सिविल लाइन पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद कार चालक मौके पर ही कार छोड़कर फरार हो गया था। सिविल लाइन पुलिस ने दुर्घटनाकारित कार को जप्त कर लिया है और कार चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर फरार कार चालक की खोजबीन शुरु कर दी है। ज्ञात रहे कि इसी मार्ग पर पिछले माह भी नशे में धुत कार चालक ने 5 लोगों को टक्कर मार दी थी, जिसमें एक की मौत हो गई थी और कई घायल हुए थे।

#### सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मड़ई निवासी दुनेराम सिदार पिता स्व. अमर सिदार सड़क हादसे में घायल हो गया था जिसे उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पीटल में दाखिल कराया गया था। इलाज के दौरान रविवार को दुनेराम की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।



## खबर संक्षेप

### प्रबंधन की मनमानी प्रसाधन में लगाया ताला

**बिलासपुर।** जिला अस्पताल में प्रबंधन की लापरवाही चरम पर है, नजदीक बने सुलभ शौचालय में परिजन की आवाजाही होती रही है, इससे उन्हें बेहतर सुविधा मिल रही थी, लेकिन प्रबंधन ने इसके प्रवेश पर ही ताला जड़ दिया है। इसका नतीजा भी देखने को मिला। रविवार को लिफ्ट में पेशाब करने के कारण लोगों को आने जाने में काफी असुविधा होती रही, खास बात यह है कि इस दौरान परिजनों के लिए खाना भी यहीं से ले जाया गया। इसकी जानकारी कर्मचारियों को होने के बाद भी घंटों तक बदबू में मरीज और परिजनों को रहना पड़ा।

### पास्टर सहित चार गिरफ्तार, मकान सील

**बिलासपुर।** सिरगिट्टी क्षेत्र में प्रार्थना सभा आयोजित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराने वाले पास्टर सहित चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनके मकान को सील कर दिया गया है।सिरगिट्टी टीआई किशोर केंवट ने बताया, रविवार को वार्ड क्रमांक 10 प्रगति विहार में एक सामुदाय के लोग प्रार्थना सभा आयोजित कर लोगों को एकत्रित कर प्रलोभन देकर धर्मपरिवर्तन कराया जा रहा था। सूचना मिलने पर हिंदू संगठन के लोग सिरगिट्टी पुलिस को लेकर उक्त मकान में गए। जहां लोगों की भीड़ लगी हुई थी। हिंदू संगठन के लोगों ने धर्मपरिवर्तन का आरोप लगाकर जमकर हंगामा मचाया गया। पुलिस ने प्रगति विहार निवासी सागर सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 299, 353, 1 सी के तहत पास्टर पवन श्रीवास, पास्टर संगीता श्रीवास, एनी रोज, मकेश हथठेल को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं बिना अनुमति के निवास स्थान को सभा भवन बनाने पर कार्यपालक अधिकारी के द्वारा मकान को सील कर दिया गया है।

### शराब के नशे में यात्रियों से की गाली-गलौज



**बिलासपुर।** एटीवीएम में टिकिट की खरीदी करने के लिए अनारक्षित काउंटर पहुंचे यात्रियों से कर्मचारी ने शराब के नशे मे गाली-गलौज की। शिकायत पर आरपीएफ ने एटीवीएम कर्मचारी के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत मामला कायम कर लिया है। रक्षाबंधन पर्व और दूसरे दिन अपने-अपने घर वापस जाने के लिए बड़ी संख्या में यात्री रेलवे स्टेशन बिलासपुर के अनारक्षित कार्यालय पहुंचे थे। यहां काउंटर में भीड़ अधिक होने के साथ आटोमैटिक टिकिट वेंडिंग मशीन भी कतार लगी हुई थी। आटोमैटिक टिकिट मशीन में टिकिट की खरीदी करने वाले यात्रियों ने अचानक गाली-गलौज करना शुरु कर दिया। इसका मौके पर मौजूद यात्रियों ने विरोध भी किया, जिसके बाद उसने यात्रियों को टिकिट देना बंद कर दिया। इस दौरान मौके पर आरपीएफ के स्टाफ भी मौजूद थे। एटीवीएम कर्मचारी वायरलेस कालोनी निवासी लोकेश कुमार पिता स्व. राजेन्द्र कुमार 34 वर्ष शराब के नशे में था। यात्रियों से विवाद करने और शिकायत करने के बाद आरपीएफ ने एटीवीएम कर्मचारी के खिलाफ रेलवे एक्ट की धारा 145 के तहत कार्रवाई की है।

गांधी चौक से दयालबंद, गांधी चौक से जूना बिलासपुर, गांधी चौक से तारबहार चौक तक की सड़कों पर कब्जा

# कब्जा हटा तो चौड़ी होंगी ये सड़कें, शहर को मिलेंगे नए बाइपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की कई सड़कें ऐसी हैं जो नक्शे और मास्टर प्लान में 70 फिट से अधिक हैं। कब्जे और अतिक्रमण के कारण सड़कें सिकुड़ कर आधी रह गई हैं। गांधी चौक से दयालबंद, गांधी चौक से जूना बिलासपुर, गांधी चौक से तारबहार चौक तक की सड़कें इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं। इसके साथ ही साइंस कालेज से बसंत विहार, राजकिशोर नगर चौक से मोपका चौक, महामाया चौक से नूतन चौक तक की सड़कें कब्जे की भेंट चढ़ गई हैं। सत्यम चौक से अग्रसेन चौक, मंगला चौक से कलेक्टोरेट तक भी यही हाल है। निगम बीच बीच में कार्रवाई भी करता है लेकिन दुकानदार और कब्जेधारी मानने को तैयार ही नहीं है। इसी कारण ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं भी हो रही हैं। इसके साथ ही सिम्स के पीछ से शनिचरी बाजार वाली सड़क, राजेंद्र नगर चौक से बृहस्पति बाजार वाली सड़क से भी कब्जा हटाया गया तो शहरवासियों को नई बाइपास सड़कें मिल सकती हैं। फिलहाल दोनों जगहों पर रोजाना कई बार जाम लगता है।

- सत्यम चौक से अग्रसेन चौक, मंगला चौक से कलेक्टोरेट तक भी यही हाल, निगम की कार्रवाई का भी असर नहीं

शहर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने और पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए प्रशासन की कोशिशें नाकाम साबित हो रही हैं। अधिकांश सड़कों पर दोनों तरफ कब्जा है। अधिकांश फुटपाथों पर अतिक्रमण कर लिया गया है। यह एक ऐसी समस्या है, जो वर्षों से चली आ रही है और अभी तक इसका कोई उपयुक्त समाधान नहीं खोजा जा सका है। दुकानदारों का सामान दुकानों में कम सड़क पर अधिक रखा जाता है। सड़क पर कच्चे निर्माण कर लिए गए हैं तो शेड बना लिए गए हैं। बाजार में भीड़ होने के कारण कई दुर्घटनाएं भी घटित हो चुकी हैं, लेकिन दुकानदार अपनी आदत से मजबूर बने हुए हैं। शहर में शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र होगा जहां पर कब्जा न हो। सड़कों पर सब्जी-फल, पेय पदार्थ, चाट, दैनिक उपयोग की वस्तुएं, कपड़े का कारोबार तक हो रहा है।



राजेंद्र नगर चौक से बृहस्पति बाजार जाने वाली संकरी सड़क।

### शिफ्ट की जाएंगी शनिचरी की लकड़ी टाल



शनिचरी बाजार में लगने वाले लकड़ी टाल को जल्द ही हटाया जाएगा। इसे हटार बिरकोना रोड में या चांटीडीह में खाली कराई गई जमीन पर शिफ्ट किया जा सकता है। हालांकि इसका विरोध भी व्यापारी कर रहे हैं। निगम के रुख को लेकिन देखते हुए सख्ती बरतने की बात भी कही जा रही है। निगम अधिकारियों के मुताबिक शनिचरी बाजार में रोज हो रहे जाम को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। गौरतलब है कि फिलहाल शनिचरी स्थित लकड़ी टाल में 25 के करीब व्यापारी है। यह व्यापारी सड़क पर ही बड़ी गाड़ियों को खड़ी करते हुए सामान की लोडिंग और अनलोडिंग करते हैं। इस वजह से सड़क पर अव्यवस्था फैलती थी और यातायात लगातार बाधित होता है। निगम के मुताबिक लकड़ी टाल को शिफ्ट करने के बाद सड़क को चौड़ा किया जाएगा।

### अतिक्रमण हटाने पर जमकर बवाल



इधर, शहर की सड़कों पर दुकान संचालकों और ठेले वालों का कब्जा रहता है। इसके चलते सड़कें सकरी हो गई हैं। इससे ट्रैफिक भी बाधित होता है। लगातार शिकायत के बाद नगर निगम के अतिक्रमण शाखा और यातायात पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की। कार्रवाई गांधी चौक से शुरू हुई, जो जगमल चौक और तोरवा चौक तक चली। इस दौरान लगभग सभी जगहों पर जमकर विवाद हुआ। इसके बाद निगम ने पुराना बस स्टैंड, तेलीपारा, शनिचरी समेत अन्य जगहों में जाकर ट्रैफिक बाधित करने वाले ठेले को जब्त किया। अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया कि लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

### राजेंद्र नगर वाली सड़क बनी तो ट्रैफिक होगा स्मूथ

देवकीनंदन चौक से राजेन्द्र नगर चौक तक की सड़क से कब्जा हटाकर चौड़ा किया जाता है तो इससे शहरवासियों को एक नई बाइपास सड़क मिल सकेगी। इससे नेहरू चौक वाली मुख्य सड़क पर दबाव काफी कम हो सकेगा। फिलहाल देखा जाए तो इस सड़क पर दोनों तरफ कब्जा है। खास तौर पर बृहस्पति बाजार के पास से तो गुजरना मुश्किल रहता है। ठेले वालों को दुकान लगाने की अलग जगह देने के बावजूद सड़क में ही व्यापार करते हैं। इसी तरह बृहस्पति बाजार व राजेंद्र नगर चौक के बीच सड़क पर दोनों ओर गाड़ियां खड़े कर दी जाती हैं, जिससे चार पहिया वाहनों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। यहां सुबह से शाम तक ट्रैफिक जाम होता है।

### सिम्स चौक से गांधी चौक तक लगातार जाम

शहर की संकरी सड़कों और तंग गिलियों के कारण लगातार लोग परेशान हो रहे हैं। सिम्स चौक से गांधी चौक की दूरी करीब 3 किलो मीटर है। यहां से दिनभर में 5 लाख से अधिक वाहन गुजरते हैं। दिन में इस सड़क पर लगातार जाम की स्थिति रहती है। 3 किलो मीटर की दूरी तय करने में कार चालकों को एक घंटा लग रहा है। त्यौहारी सीजन में खासकर शहर की सड़कों पर सिर्फ पैदल चला जा सकता है। संभाग के सबसे बड़े बाजार यहां होने के कारण बड़े व्यापारी खरीरदारी करने शहर आते हैं। साथ ही त्यौहार में खरीदारी करने और फुटपाथ पर छोटी दुकानें लगाने वालों की संख्या बढ़ जाती है। ऐसे में सड़क पर जाम लगता है और लोग कई घंटों तक फंसे रहते हैं।

### सुधारने का प्रयास जारी

शहर की ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने की दिशा में लगातार प्रयास जारी है। सड़कों पर किए गए अवैध कब्जे और अतिक्रमण पर लगातार कार्रवाई भी की जा रही है। नई बाइपास सड़कों पर भी काम हो रहा है।

- **खजांची कुम्हार**, अपर आयुक्त, नगर निगम

# चाकूबाजों का आतंक : कोतवाली क्षेत्र में हत्या के बाद कोनी में युवक पर चाकू से जानलेवा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

चाकूबाजी की वारदात से फिर पूरा शहर थर्राने लगा है। एक दिन पहले कोतवाली में हत्या के बाद दूसरे दिन रात में कोनी क्षेत्र में बीच चौराहे पर एक युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया है। गंभीर अवस्था में युवक को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



- तीन नाबालिग गिरफ्तार

कोनी पुलिस के अनुसार, सेमरताल विवेकानंद चौक निवासी हर्ष यादव पिता चमरू यादव 9 अगस्त की रात 11.30 बजे खाना खाने के बाद घर के बाहर टहल रहे थे। इसी दौरान जलसो निवासी आनंद वर्मा, साहिल वर्मा व अन्य लोग आए और पुरानी रंजिश का हवाला देते हुए उनसे मारपीट करने लगे। इसी दौरान एक लड़के ने हत्या करने की नीयत से चाकू से उनके पेट व सीने पर जान लेवा हमला कर दिया। आवाज सुनकर उनका भाई परदेशी यादव घर से बाहर निकला तो हमलावर भाग गए। चाकूबाजी की वारदात से गांव में



हड़कंप मच गया। परिजन ने द्वारा उन्हें गंभीर अवस्था में इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस सिम्स पहुंचकर घायल हर्ष यादव का बयान दर्ज कर हमलावरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज किया गया। पुलिस ने देर रात क्षेत्र में दबिश देकर हमलावर 3 नाबालिग सहित 9 लोगों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है।

### अवैध शराब बिक्री को लेकर विवाद की चर्चा

सूत्रों के मुताबिक ग्राम जलसो व सेमरताल में घर घर अवैध शराब बेची जाती है। दोनों गांवों में अवैध शराब बेचने को लेकर प्रतिस्पर्धा चलती है। बताया जा रहा है अवैध शराब बेचने को लेकर दोनों पक्ष के बीच विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर जलसों के लोगों ने हर्ष यादव पर चाकू से जान लेवा हमला किया है। लगातार अवैध शराब बेचने की शिकायत के बाद भी कोनी पुलिस के द्वारा कोचियों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### एक दिन पहले चाकू से युवक की हत्या

8 अगस्त को कोतवाली थाने के करीब श्याम टाकीज ज्वालीनाला के पास मोबाइल के विवाद में पचरीघाट निवासी दीपक उर्फ दादू साहू के साथ गणेश रजक ने मारपीट करने हुए सीने में चाकू से हमला कर हत्या कर दी थी। इसी तरह कोनी क्षेत्र में बिरकोना आवासपारा निवासी निगमकर्मी राजा सूर्यवंशी व सरकण्डा क्षेत्र के मोपका में परसाही निवासी राजू केंवट पर चाकू से हमला किया गया था।

### पकड़े गए आरोपी

- राजीव वर्मा पिता संजय वर्मा 23 साल जलसों
- साहिल वर्मा पिता मूलचंद वर्मा 19 साल जलसों
- लक्ष्मी प्रसाद केंवट पिता रमेश केंवट 19 साल जलसों
- आनंद वर्मा पिता स्व. शिव प्रसाद वर्मा 35 साल जलसों
- राजा वर्मा पिता भागवत वर्मा 25 साल बिरकोना
- राजेंद्र वर्मा पिता झड़ी वर्मा 23 साल बिरकोना
- तीन नाबालिग

### देवरीखुर्द में कई लोगों पर चापड़ से हमला

तोरवा पुलिस के अनुसार, देवरीखुर्द विजय नगर गली नम्बर 7 निवासी सिब्बू गुप्ता पिता गज्जू गुप्ता कपड़ा दुकान चलाते हैं। 9 अगस्त की रात खाना खाकर सो गए थे। उसी दौरान अटल आवास निवासी निलेश सोनकर, विक्कू, भुरू, व अन्य लोग उनके घर का दरवाजा खटखटाया खोलने से सभी लोगों ने गाली देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का,लोहे के राड से मारपीट कर चापड़ से हमला कर दिया। सिर में गंभीर चोट लगने से वह गिर गए।पड़ोसी बीच बचाव करने आए तो उनके साथ भी मारपीट की गई है। जिससे अजय साहू, सिमरन, बिट्टू, प्रसूति, लक्ष्मी प्रसाद को गंभीर चोट आई है। बिट्टू साहू,के मोबाइल को पटककर तोड़ दिया गया। अजय साहू के गले सोने की चेन लूट ली गई है। पुलिस ने सिब्बू गुप्ता की रिपोर्ट पर हमलावर निलेश सोनकर, विक्कू, भुरू एवं अन्य लोग के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 2 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है। पुलिस हमलावरों को नहीं पकड़ पाई है।

# दुकान मे लगी भीषण आग एसी का सिलेण्डर फटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैग दुकान में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। गोदाम में बैग भरे होने से आग की लपटी खिड़की से बाहर आने लगी। वहीं एसी का सिलेण्डर फटने से हड़कंप मच गया। दो दमकल के पानी से एक घण्टे बाद आग पर काबू पाया गया है। आगजनी में लाखों का सामान जलने अनुमान लगाया जा रहा है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तालापारा तैबा चौक में बैग की दुकान है। उसके बाद दूसरी मंजिल में गोदाम है। बताया जाता है एक दिन पहले उनके दुकान में बैग का स्टाक आया था और उसे गोदाम में रखा गया था। रविवार की दोपहर करीब 1 बजे गोदाम की खिड़की से धूंआ निकलने लगा। धुंआ देखकर लोगों ने दुकान संचालक को आग लगने की जानकारी दी। दुकान संचालक गोदाम में जाकर देखे तो आग लगी हुई थी। देखते ही देखते आग भीषण रूप ले लिया और खिड़की से आग की लपटें बाहर निकलने लगीं। इसी दौरान गोदाम में लगे एसी का सिलेण्डर फट गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। दुकान के आससपास से लोग भागने लगे। सूचना मिलते ही पुलिस व एसडीआरएफ की टीम दो दमकल लेकर मौके पर पहुंच गए। एक घण्टा अथक प्रयास करने के बाद दमकल के पानी से आग पर काबू पाया गया है।आगजनी में लाखों का सामान जल जाने का अनुमान लगाया जा रहा है। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।






चौकी प्रभारी जोबी ने मेधावी छात्राओं, शिक्षकों और कोटवार को किया सम्मानित

# थाना कापू, चौकी जोबी में कोटवारों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को थाना कापू व पुलिस चौकी जोबी में कोटवार मीटिंग आयोजित की गई, जिसमें कोटवारों को उनके दायित्वों का उचित निवर्हन के संबंध में निर्देश दिया गया। चौकी जोबी में कोटवार मीटिंग के साथ ही एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर चौकी प्रभारी, सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मी राठौर ने क्षेत्र के मेधावी छात्राओं, शिक्षकों और कोटवार को उनके प्रेरणादायक कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर चौकी प्रभारी ने कहा कि शिक्षा, सामाजिक सेवा और कानून-व्यवस्था में सहयोग



करने वाले लोग समाज के लिए प्रेरणा हैं और पुलिस ऐसे व्यक्तियों का उत्साहवर्धन करती है। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय फरकानारा की कक्षा 12वीं की छात्रा कुमारी ममता साहू तथा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल नगोई की कक्षा 10वीं की छात्रा कुमारी सोनिया पटेल को परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्राथमिक शाला टांडापारा के शिक्षक परमानंद उर्फ बबूलाल राठिया और प्राथमिक शाला गोरपार के शिक्षक जयसिंह राठिया को भी सम्मान प्रदान किया गया। ग्राम सुरक्षा और सूचना संप्रेषण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए ग्राम कोटवार छोटे पंडरमुडा के मंगलदास महंत को प्रशस्ति पत्र देकर सराहा गया।

### यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

चौकी प्रभारी ने उपस्थित सभी को साइबर सुरक्षाए यातायात नियमों और नशा मुक्ति के प्रति जागरूक रहने तथा अपने क्षेत्र में लोगों को भी जागरूक करने का आग्रह किया। इससे पहलेए 9 अगस्त को थाना लैलूंगा में आयोजित ग्राम कोटवारों की बैठक में उन्हें नियमित रूप से थाना में उपस्थित होने तथा गांव में होने वाली घटनाओं और दुर्घटनाओं की त्वरित सूचना देने के निर्देश दिए गए थे। पुलिस द्वारा इस प्रकार के सम्मान कार्यक्रमों का उद्देश्य समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को पहचान देना और अन्य लोगों को भी प्रेरित करना है।

# जीप ने बाइक सवार ग्रामीण को मारी टक्कर, मौत

**बतौली/सेदम।** रविवार को सवारी ढोने वाले जीप के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इस घटना में बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई जबकि उसकी दो बच्चियां घायल हो गई। घायल बच्चियों को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि महेशपुर कसईडीह निवासी 30 वर्षीय छवि सारथी 10 अगस्त की दोपहर अपनी पुत्री अंजली सारथी ( 8 वर्ष) व काजल सारथी (6 वर्ष) को लेकर बाइक से महेशपुर से बिरिमकेला की ओर जा रहा था। इस दौरान बिरिमकेला से सवारी ढोने वाले कमांडर जीप को लेकर जा रहे चालक ने बाइक सवार ग्रामीण को रौंद दिया। इस घटना में युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दोनों बच्चियां दूर गिर गई।



इस घटना में बच्चियों के पैर फ्रैक्चर होने के साथ ही उन्हें गंभीर चोटें आई है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार उक्त जीप राजेन्द्र चौहान की है और घटना के वक्त जीप को विजय पंडा चला रहा था और राजेन्द्र भी वाहन में मौजूद था। घटना के बाद चालक वाहन को लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मृतक के शव को मर्च्युरी में भेजा गया इसके साथ ही डायल 112 की टीम से आरक्षक जितेन्द्र सिंह व चालक आशीष एक्का ने तत्परता दिखाते हुए बच्चियों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक की टक्कर से गंभीर वृद्ध की गई जान

**अम्बिकापुर।** सड़क पार कर रहे वृद्ध को विपरीत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए वृद्ध की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार भटगांव थाना अंतर्गत ग्राम मादिनापुर निवासी करीमन राम (80 वर्ष) 4 अगस्त की सुबह 10 बजे स्नान करने घर से कुछ दूर स्थित बोर में जा रहा था। जैसे ही वृद्ध सड़क पार करने लगा तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के पश्चात गत दिन चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया।

खबर संक्षेप



## बालको ने कर्मचारियों और समुदाय के साथ मनाया रक्षाबंधन पर्व

**कोरबा।** बालको ने रक्षाबंधन के अवसर पर अपने कर्मचारियों और समुदाय के साथ उत्साह और उल्लास से त्यौहार मनाया। इस विशेष दिन पर उन्नति परियोजना से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, डॉक्टरों तथा सेफ्टी और सिक्योरिटी टीम के सदस्यों की कलाई पर अपनी हस्तनिर्मित राखियां बांधकर उनके समर्पण, सतर्कता और निःस्वार्थ सेवा के प्रति आभार व्यक्त किया। विश्वास और अटूट रिश्तों का प्रतीक यह त्यौहार बालको में आपसी संबंधों को और गहरा करने का अवसर बना। समारोह के दौरान कर्मचारियों ने सुरक्षाकर्मियों को राखी बांधकर कार्यस्थल पर सुरक्षा की संस्कृति को नई ऊर्जा दी। इसमें ट्रांसजेंडर, महिला और पुरुष सभी सुरक्षा एवं सेफ्टी कर्मियों की भागीदारी रही, जिसने विविधता और समानता के मूल्यों को भी उजागर किया। इस अवसर पर बालको की उन्नति परियोजना से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने बालको कर्मचारियों की कलाईयों पर अपनी हस्तनिर्मित राखियां बांधीं। रक्षा बंधन का यह उत्सव केवल भाई-बहन के रिश्ते का जश्न नहीं था, बल्कि महिलाओं के आर्थिक आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की कहानी का भी प्रतीक बना। उन्नति परियोजना ने महिलाओं को कौशल विकास, उद्यमिता और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा कि कंपनी की प्रगति और समुदाय का विकास साथ-साथ चलता है। समृद्धि, सशक्तिकरण और साझा मूल्यों के माध्यम से हम ऐसा वातावरण बनाते हैं, जिससे सभी को लाभ मिले। रक्षा बंधन जैसे पारंपरिक पर्व इस बंधुत्व और सहयोग की भावना को और मजबूत करते हैं। बालको का यह उत्सव केवल राखी बांधने का कार्यक्रम नहीं था, बल्कि एक संदेश था कि हम साथ हैं और साथ ही आगे बढ़ेंगे।

## पैरानॉईड संस्था द्वारा आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए महापौर व आयुक्त




**कोरबा।** नगर निगम के पोड़ीबहार एसएलआरएम सेंटर के सामने पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, निगम के सहयोग से स्वयंसेवी संस्था पैरानॉईड के द्वारा आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत व आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने उपस्थित रहे। इस मौके पर वार्ड पार्षद चन्द्रकली जायसवाल, डेंटल सर्जन डॉ.विवेकरंजन महतो, अपर आयुक्त विनय मिश्रा सहित अन्य लोगों ने भी पौधरोपण करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। पौधा रोपण के पश्चात निगम की स्वच्छता दीदियों ने इन पौधों को रक्षासूत्र बांधा तथा इनके संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा का दायित्व संभालने का संकल्प लिया। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने कहा कि आईए हम सब संकल्प लें कि हम अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण करेंगे तथा इन पौधों के वृक्ष बनने तक इनकी सुरक्षा करेंगे। निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने कहा कि वृक्ष हमारे परममित्र तथा बंधु-बान्धव जैसे हैं, पेड़ों के बिना मनुष्य क्या प्राणी मात्र की कल्पना नहीं की जा सकती, वास्तव में वृक्ष हमारे जीवनदाता हैं, इन्हीं से हमें प्राण वायु प्राप्त होती है, भोजन प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि एसएलआरएम सेंटर के सामने लगाए गए इन पौधों के संरक्षण, संवर्धन व सुरक्षा का दायित्व हमारी स्वच्छता दीदियाँ उठाएंगी, निश्चित रूप से यह अत्यंत सराहनीय कदम होगा तथा आज जो पौधे रोपित किए गए हैं, उनमें से शत प्रतिशत पौधे आगे चलकर वृक्ष का रूप धारण करेंगे।

## पालक बालक शिक्षक संघ ने किया पौधरोपण

**हरदीबाजार।** शासकीय हाई स्कूल आमगांव में एसएमडीसी के अध्यक्ष व सदस्यों तथा पालक बालक शिक्षक संघ का आयोजन किया गया। इस दौरान एक पेड़ मां के नाम पर पौधरोपण भी किया गया। बैठक में विद्यालय का परिसर शौचालय की स्वच्छता शिक्षक एवं विद्यार्थियों के नियमित उपस्थिति पर चर्चा की गई। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा किए गए कार्य संस्कृति सभ्यता आदि विषय पर चर्चा एवं गतिविधियां आयोजित कराई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष पंकज धुरवा, बजरंग यादव, फिरतु यादव, श्रीमती अनामिका कंवर, नारायण कंवर, प्राचार्य एलके डहरिया, व्याख्याता संतोष कुमार श्रीवास, श्रीमति लक्ष्मी पटेल, एलिसा तिर्की, शकुंतला देशलहरे व नेहा कुर्रे, कैलाश कंवर, रामकुमार यादव, दुलारवा यादव, श्रीमती लक्ष्मी किरण, श्रीमती ललित श्याम, श्रीमती सुमित्रा निर्मलकर, अनिल कश्यप, परस राम, अखिलेश चौहान, चमरा सिंह, मनहरन राठौर, शील मरावी, किरण मरावी, जानकी बाई, सविता बाई, मनीराम, बालकृष्णा एवं पालक उपस्थित रहे।

### शहर और ग्रामीण अंचलों में भोजली विसर्जन के ग्रामीण संस्कृति का दिखा नजारा

# देवी गंगा लहर तुरंगा के गीतों से गूंज उठे नदी- तालाबों के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रक्षाबंधन के दूसरे दिन सिर में भोजली रखे हुए देवी गंगा के गीतों के धुन पर बड़ी संख्याओं में महिला व युवतियों का समूह गोधूलि बेला के समय नदी के घाटों में पहुंचकर परंपरागत रुप से भोजली का विसर्जन किया गया। इस दौरान शहर और ग्रामीण अंचलों में स्थानीय संस्कृति और परंपरा का अदभुत संगम देखा गया।

भोजली विसर्जन का अदभुत और विहंगम नजारा रक्षाबंधन के दूसरे दिन नदियों और तालाबों के घाटों में नजर आता है। जब बड़ी संख्या में महिलाएं घर में उगाए गए भोजलियों को लेकर गांव की गली और शहर के मुख्य सड़कों से होकर गुजरते हुए देवी गंगा की गीतों के धुन पर घाट पहुंचती है। संस्कृति का ऐसा ही विहंगम नजारा जिले के शहरी क्षेत्र और ग्रामीण अंचलों में सूर्य ढलते तक चलता रहा। गाजे बाजे के साथ देवी गंगा के गीत गाते चल रहीं महिलाओं का समूह से शहर का मुख्यमार्ग की रौनक देखते ही बन रही थी। शहर के ढेंगुरनाला घाट बालको के राम मंदिर छठघाट, भवानी मंदिर घाट जैसे स्थानों में भोजली विसर्जन के दौरान इस परंपरा को देखने विभिन्न क्षेत्रों से आये लोग मौजूद थे। कई स्थानों में शहर के जनप्रतिनिधियों ने इस परंपरा का निर्वहन किया।





भोजली विसर्जन के दौरान उपस्थित महापौर, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं अन्य तथा भोजली विसर्जन के लिए जाते हुए महिलाएं।

### भोजली दाई विसर्जन में उमड़ा आस्था का सागर



ग्राम पंचायत देवरी के यादव मोहल्ला में परंपरागत रूप से भोजली दाई की पूजा-अर्चना पूरे 9 दिनों तक श्रद्धा एवं उल्लास के साथ संपन्न हुई। 10वें दिन, विधि-विधान से भोजली दाई का विसर्जन खोलार नदी में किया गया। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में समस्त ग्रामवासी एकजुट होकर उपस्थित रहे। विशेष रूप से लगभग 200 महिलाओं ने भोजली दाई के विसर्जन में भाग लेकर भक्ति और उत्साह का अद्भुत वातावरण बना दिया। विसर्जन के दौरान नदी किनारे भजन-कीर्तन, मंगल गीत और जयकारों की गूंज ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। ग्रामवासियों ने इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया और इस परंपरा को आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रखने का संकल्प लिया।

### सर्वेश्वरी समूह ने बालको में किया आयोजन



सर्वेश्वरी समूह की बालको इकाई के द्वारा प्रतिवर्ष भोजली विसर्जन कार्यक्रम राम मंदिर छठ घाट में किया जाता है। इस वर्ष भी सर्वेश्वरी समूह के द्वारा भोजली विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि महापौर संजूदेवी राजपुत एवं विशिष्ट अतिथि के रुप में पार्षद नरेंद्र देवांगन, पार्षद सत्येंद्र दुबे, पार्षद तरुण राठौर, मंगल वंदे, रजत खुंटे, चेतना मैत्री, आलोक सिंह, शिवबालक सिंह तोमर, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय पांडेय, जैन दुबे, लाल बहादुर, धीरज झा, दिनेश पटेल, दौलत ठाकुर, राजेश धीवर, कमलेश त्रिपाठी, अब्दुल कलाम, संजय मानदेय, गुलाब सिंह आदि उपस्थित थे। समूह के द्वारा सर्वेश्वर आश्रम सेक्टर 4 से महिलाओं का समूह का दल सिर में भोजली लिये हुए 3 किमी लंबे सफर तय करते हुए राम मंदिर छठ घाट पहुंचकर भोजली का विसर्जन किया।

### बोईदा में हुआ भोजली का विसर्जन



ग्रामीण क्षेत्र में भोजली पर्व धूमधाम से मनाया गया। पाली ब्लॉक के ग्राम बोईदा में भोजली पर्व के दिन महिलाएं और युवतियां भोजली की टोकरी सिर पर रखकर तालाब के किनारे पहुंचती है और भोजली को विसर्जित किया। इस दौरान महिलाओं व युवतियों ने भोजली गीत गाए और अच्छी फसल की कामना करती है। भोजली पर्व के मौके पर महिलाएं एवं बच्चे एक दूसरे को भोजली भेंट कर मितान और गिंया बदने की परंपरा निभाई। इस पर्व को लेकर लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। भोजली विसर्जन करने गांव का तालाब पहुंचे और देवी गंगा, देवी गंगा लहर तुरंगा, हमर भोजली दाई के भीजे आठों अंगा गीत गाते हुए चल रहे थे। यहां आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में लोग भोजली देखने पहुंचे। भोजली पर्व बोईदा सहित आसपास के गांव में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

### सराई सिंगार में भोजली का किया गया विसर्जन



सराई सिंगार देवारपारा हरदीबाजार में सहेत्तरु देवार के निवास में भोजली बो कर भोजली दाई की प्रतिदिन पूजा अर्चना कर गीत गाकर सेवा किया गया। भोजली विसर्जन रक्षाबंधन त्योहार के दूसरे दिन मांदर की थाप में झूमते नाचते हुए बाहन तालाब में किया गया। छोटे बच्चों, युवतियों व महिलाओं ने बडे आदर व सम्मान के साथ विसर्जन किया गया।

## रिवर फ्रंट निर्माण की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान की हुई शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हसदेव आरती करते हुए समिति के सदस्य एवं नागरिक।

जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी आज प्रदूषण, अव्यवस्था और उपेक्षा का शिकार हो चुकी है। इसे फिर से संरक्षित, स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण बनाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर हसदेव आरती की जाती हैं। इसी क्रम में श्रावण पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 9 अगस्त की शाम 5 बजे माँ सर्वमंगला घाट कोरबा पर आयोजित हसदेव आरती में मुख्य यजमान के रूप में ठाकुर जुड़ावन सिंह, उपाध्यक्ष, विद्या भारती (मध्य क्षेत्र) एवं विशिष्ट यजमान के रूप में नान्हीदास दीवान, प्रांताध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ और डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा, अध्यक्ष, आयुष मेडिकल एसोसिएशन, कोरबा शामिल हुए। नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जिले की जीवनदायिनी हसदेव नदी के प्रदूषण को कम करने, संरक्षण करने और तट के सौंदर्याकरण के लिये दर्री बांध से कुदुरमाल पुल तक हसदेव नदी के दोनों किनारों पर रिवर फ्रंट का निर्माण करवाने हेतु, श्रावण पूर्णिमा 9 अगस्त से आश्विन पूर्णिमा 7 अक्टूबर तक हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा, जिसका शुभारंभ हसदेव तट माँ सर्वमंगला घाट पर ठाकुर जुड़ावन सिंह उपाध्यक्ष, विद्या भारती, मध्य क्षेत्र, नान्हीदास दीवान अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ शिक्षक महासंघ और आयुष मेडिकल एसोसिएशन, कोरबा के अध्यक्ष डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा हस्ताक्षर कर किए।

## विश्व आदिवासी दिवस पर समाज ने दिया एकजुटता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विश्व आदिवासी दिवस के मौके पर शनिवार को जिले के पाली में आदिवासी समाज ने अपनी एकजुटता और ताकत का ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही पारंपरिक वेशभूषा और झंडों के साथ समाजजन पहुंचने लगे। देखते ही देखते पाली का मैदान हजारों आदिवासी भाइयों-बहनों से भर गया। अनुमान है कि 10 हजार से अधिक लोग इस कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पालीतानाखार विधायक और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलेश्वर मरकाम ने शिरकत की। इस अवसर पर आदिवासी समाज के विभिन्न संगठन, युवा मंडल, महिला मंडल और सांस्कृतिक दल भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के तहत एक विशाल रैली का आयोजन हुआ, जिसमें आदिवासी समाज जन ढोल-मांदर की थाप पर पारंपरिक नृत्य करते हुए आगे बढ़े। रैली के दौरान आदिवासी समाज ने पुलिस और प्रशासन से शबबन्दी की मांग को लेकर नारे लगाए। समाज के वरिष्ठ नेताओं ने कहा कि आदिवासियों की परंपरा, संस्कृति और जीवनशैली को संरक्षित करना सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी है। विश्व आदिवासी दिवस हर साल 9 अगस्त को दुनियाभर में मनाया जाता है। इसकी शुरुआत वर्ष 1994 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने की थी, ताकि मूलवासी और आदिवासी समुदायों के अधिकारों, संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में मेधा योग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



त्रिलोकी पब्लिक स्कूल में आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के तत्वाधान में मेधा योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष योग सत्र का संचालन शिक्षिका गरिमा ने किया, उनके साथ आर्ट ऑफ लिविंग के सुनील अग्रवाल, दीपक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में ध्यान केंद्रित करने की क्षमता विकसित करना और उन्हें मानसिक रूप से प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर बच्चों को मेडिटेशन, सकारात्मक सोच और जीवन कौशल से संबंधित अभ्यास कराए गए। मंच संचालन रोहित सर द्वारा किया गया, जिनकी प्रभावशाली प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को अनुशासित और रोचक बनाए रखा। इस आयोजन में स्कूल की योग शिक्षिका अन्नपूर्णा वर्मा एवं समस्त शिक्षकगण का विशेष सहयोग रहा। सभी ने विद्यार्थियों को नियमित योग अपनाने और जीवन में संतुलन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और विद्यार्थियों ने इसे एक प्रेरणादायक एवं लाभकारी अनुभव बताया।

## स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होगा ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट, एकलव्य इंडिपेंडेंस डे कप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के तत्वावधान में स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ पर स्पेशल टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। 15 अगस्त को आयोजित होने वाले इस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट की पहली कड़ी का शीर्षक एकलव्य इंडिपेंडेंस डे कप-1 (ईआईडीसी-1) रखा गया है। एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के अध्यक्ष डॉ. संजय अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश में ऐसी प्रतिभाओं की भरमार है, जो खिलाड़ी की भूमिका में विजयी तिरंगा पूरे विश्व में लहरा रहे हैं। भारतीयता का वही गर्व महसूस करते हुए इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर एकलव्य इंडिपेंडेंस डे कप-1 के माध्यम से हम खिलाड़ियों के साथ स्वदेश की स्वतंत्रता का उत्सव मनाने जा रहे हैं। डॉ.अग्रवाल ने कहा कि इस प्रतियोगिता में एकल इवेंट के रूप में बालक बालिका अथवा महिला एवं पुरुष वर्ग के खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। ओपन फॉर आल ग्रुप्स के लिए हो रही स्पर्धा के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा। ईआईडीसी सीजन-1 का प्रथम पुरस्कार 5 हजार 100 और 3 हजार 100 रुपए का द्वितीय पुरस्कार निर्धारित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### उद्योग मंत्री दो दिवसीय दिल्ली प्रवास पर



**कोरबा।** वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन दो दिवसीय नई दिल्ली के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। उद्योग मंत्री श्री देवांगन 10 अगस्त की रात 8.30 बजे फ्लाइट से नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किए। रात 10.05 बजे वे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। मंत्री श्री देवांगन 11 एवं 12 अगस्त को नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। वे नई दिल्ली से 12 अगस्त को शाम 7.20 बजे फ्लाइट से प्रस्थान कर 8.55 बजे रायपुर लौटेंगे।

### आयुष केंद्र मोरगा में आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**कोरबा।** आयुष केंद्र मोरगा के अंतर्गत 34 गावों में 60 वर्ष से ऊपर महिला एवं पुरुष लगभग 17 सौ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं औषधि प्रदान कराया जा चुका है, जिसमें 1078 लोग स्वस्थ हैं अन्य का आयुष चिकित्सा उपचार चल रहा है। कुछ समय बाद सामान्य हो जाएंगे, ज्यादा के स वात, प्रतिसयाय, स्वास, कास, साटीका आदि मरीज संचालाक आयुष के निर्देश एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.उदय शर्मा के निर्देशाअनुसार प्रत्येक गांव में जो भी 60 वर्ष से ऊपर निःशुल्क चिकित्सा एवं पंचकरम चिकित्सा के लिए कटघोरा भेजा जाए। अभी तक 11 लोगों को पंचकरम के लिए भेजा गया। सेवा डॉ.रमापति तिवारी आयुष चिकित्सक लगातार सहयोग किया जा रहा है।

### झाबर में मनाया गया रक्षाबंधन का त्यौहार



**कोरबा।** राधेय विद्यापीठ इंग्लिश हाईस्कूल झाबर प्रांगण में भाई-बहन के बीच पारंपरिक रूप से मनाए जाने वाले त्यौहार रक्षाबंधन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष रक्षाबंधन एक अनोखे और सार्थक तरीके से मनाया गया। इस उत्सव का एक मुख्य आकर्षण राखी बनाने की कार्यशाला थी। सभी कक्षाओं के छात्राओं ने इस रचनात्मक गतिविधि में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय कि शिक्षिका श्रीमती शशि ने छात्राओं को राखी बनाने कि प्रशिक्षण दी। छात्राओं के इस रचनात्मक कार्य का सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर अभिभावक तथा विद्यालय के शिक्षिकाओं ने छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए उनसे रखियों की खरीदारी की।

### कटघोरा के पूर्व विधायक ने किया पौधरोपण



**हरदीबाजार।** परम पूज्य गुरुदेव सत्य कबड्डी दास एवं परम बंदनीय गुरु माता सत्य लीला देवी, सत्य निजनाम बोध संस्थान पोड़ी (राछा) के जन्मदिन के वसर पर कटघोरा क्षेत्र के गुरु भाइयों के द्वारा केराकछार में पौधारोपण किया गया। जिसमें विशेष रूप से पुरुषोत्तम कंवर पूर्व विधायक कटघोरा सम्मिलित होकर गुरुदेव एवं गुरु माता के जन्मदिन पर पौधा रोपण कर उन्हें याद किया। श्री कंवर ने कहा कि वे देव लोक से हमें आशीष दे कर एक नई उर्जा देकर अपने बताऐ मार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दे रहे हैं, अब वे हम सभी अनुयाइयों के हृदय में है। कार्यक्रम में सत्य रामनारायण रजक, सत्य अमर दास, सत्य इन्द्रपाल सिंह कंवर, सत्य श्याम दास, सत्य सुभाष दास, सत्य श्याम लाल कंवर, सत्य सत्य नारायण सिंह कंवर, गुलशन, दिनेश , विनोद एवं अन्य सदस्यग तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### बांगो बांध का वाटर लेवल पहुंचा 80 फीसदी, 45 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा हसदेव नदी में

# बारिश थमते ही बढ़ी पानी की डिमांड, बांगो बांध के हाईडल प्लांट को चलाया जा रहा है 36 घंटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बारिश की रफ्तार बंद होते ही अब खेती किसानी के लिए पड़ोसी जिलों से लगातार पानी की डिमांड आनी शुरू हो गई है। यही वजह है कि प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार भी बढ़ा दी गई है अब हाइडल की रफ्तार बढ़ते ही यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है। जहां से हसदेव दर्री बराज के माध्यम से दाएं तट और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों को भरपूर पानी दिया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी के दिनों में इस बार बांगो बांध का वाटर लेवल लगभग 23 फ़ीसदी तक जा पहुंचा था लेकिन इस बार बारिश के शुरुआती दिनों में बांगो बांध की कैचमेंट इलाके में लगातार बेहतर बारिश हुई और बांध अब भरने के करीब आ पहुंचा है। बताया जाता है कि रविवार को बांध का वाटर लेवल 356.33 जा पहुंचा है जो कुल जलभराव का 80 फ़ीसदी पानी है। बांगो बांध अब लबालब होने के करीब आ पहुंच गया है लेकिन वहीं दूसरी ओर पिछले कई दिनों से बारिश की रफ्तार थम रही है और तेज गर्मी पड़ने लगी है। जिसकी वजह से खेती किसानी के लिए जांजगीर चांपा, सक्ती, रायगढ़ व कोरबा से पानी की डिमांड आने लगी है। जिसकी वजह से बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार 36 घंटे कर दी गई है जिससे लगभग 4500 क्यूसेक पानी हसदेव नदी में प्रवाहित किया जा रहा है। यह पानी सीधे हसदेव दर्री बराज पहुंच रहा है और हसदेव दर्री बराज के माध्यम से दाएं और बाएं तट नहर के माध्यम से किसानों को खेती किसानी के लिए भरपूर पानी दिया जा रहा है।



फाइल फोटो

#### आरबीसी में 36 सौ तो एलबीसी में 11 सौ क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

जल संसाधन विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक खेती किसानी के लिए किसानों को पानी की कमी ना हो इसके लिए हसदेव दर्री बराज से आरबीसी नहर में 36 सौ क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है जबकि एलबीसी नहर में 1190 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आने वाले दिनों में यदि पानी की और डिमांड करते हैं तो बांगो बांध में बने हाइडल प्लांट की रफ्तार और बढ़ाई जाएगी और दोनों नहर में भी पानी की रफ्तार बढ़ाकर किसानों को भरपूर पानी दिया जाएगा।

#### बांध को भरने में अब नहीं है ज्यादा वक्त

बारिश के शुरुआती दौर में ही बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में लगातार अच्छी बारिश हुई है। अब तक अच्छी बारिश होने की वजह से बांध में बहुत तेजी से जलभराव हुआ है। जिसका नतीजा है कि अभी अगस्त के शुरुआती दौर में ही बांध लगभग 80 फ़ीसदी भर चुका है। आने वाले दिनों में यदि दो-तीन दिनों तक लगातार बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में बारिश हुई तो निश्चित तौर पर बांध को भरने में ज्यादा वक्त नहीं लगेगा और बांध फिर से लबालब हो जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारी अभी हाईडल प्लांट की रफ्तार बढ़ाकर किसानों को पानी देकर पानी को कंट्रोल कर रहे हैं। यदि कैचमेंट इलाके में लगातार बारिश हुई और पानी आया तो निश्चित तौर पर हाइडल प्लांट की रफ्तार 24 घंटे कर दी जाएगी और यदि इससे भी पानी कंट्रोल नहीं होता है तो आने वाले दिनों में बांगो बांध में बने गेट को भी खोलने की नौबत आ सकती है।

# दातून तोड़ने पेड़ पर चढ़ा युवक गिरा, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक 28 वर्षीय युवक का शव नीम पेड़ के नीचे मिला। दो दिन से उसके परिजन तलाश कर रहे थे। पुलिस ने मामले की जानकारी मिलने पर मुआयना किया। मर्ग कायम करने के बाद उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**खास बात**

- करतला थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चांपा चोरभट्ठी का मामला

करतला थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चांपा-चोरभट्ठी निवासी मनमोहन सिंह राठिया 7 अगस्त को अपने घर से खेत जाने की बात कह कर निकला था। कई घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह घर वापस नहीं आया तो परिजन चिंतित हुए। यहां-वहां उसकी तलाश शुरू की गई। 24 घंटे बीतने पर पुलिस को अवगत कराया गया। इस बीच रक्षाबंधन की शाम को मालूम चला कि चोरभट्ठी गांव की सीमा से सटे एक खेत पर लगे पेड़ के पास युवक का शव मिला। कुछ ही देर में उसकी पहचान मनमोहन राठिया के रूप में कर ली गई। करतला थाना प्रभारी केके वर्मा और हेड कांस्टेबल पद्मन सिंह ने मौके पर पहुंच मुआयना किया। लोगों से पूछताछ की गई तो पता चला कि मनमोहन दातून तोडऩे नीम पेड़ पर चढ़ा था। इसी दौरान वह ऊंचाई से पेट के बल गिर पड़ा। इस घटना में उसका मुंह खेत की मिट्टी में धंसा मिला। संभवतः दम घुटने से उसकी मौत हुई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

# सड़क किनारे युवक की मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मानिकपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर निवासी शिवकुमार वस्त्रकार उम्र लगभग 38 वर्ष का शव कदमहाखार के पास सड़क किनारे मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां मामले में वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है स्पष्ट नहीं हो पाया है।

# एनीकट में 10 वर्षीय मासूम की मिली लाश, तहकीकात में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मौके पर जांच करती पुलिस।

एक 10 वर्षीय मासूम की लाश हसदेव दर्री बराज के एनीकट में मिली है। लाश मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां मासूम के शव को एनीकट से बाहर निकाला गया लेकिन मासूम की शिनाख्त नहीं हो पाई है जिससे पुलिस के मुश्किलें बढ़ गई है। आखिर मासूम का शव कहां से आया और कैसे पहुंचा यह समझ से परे है। पुलिस की टीम मामले की तहकीकात पर जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस उसकी शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। युवक की मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है पुलिस का कहना है कि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मासूम की मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो पाएगा। फिलहाल पुलिस मामले की गंभीरता से तहकीकात में जुटी हुई है।

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत हसदेव एनीकट में रविवार की दोपहर लगभग 2 बजे एक 10 वर्षीय मासूम का शव तैर रहा था। जब लोगों की नजर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और उन्होंने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। दर्री बराज के निकट में मासूम का शव मिलने की सूचना पाते ही दर्री थाना प्रभारी दलबल सहित मौके पर पहुंचे और शव को पानी से बाहर निकाल गया। जहां पुलिस की टीम ने आसपास क्षेत्र में उसकी शिनाख्ती के लिए प्रयास किया लेकिन देर शाम तक उसकी शिनाख्ती नहीं हो पाई है। आखिर मासूम की मौत कैसे हुई है यह भी सवालों के घेरे में है। पुलिस की टीम अभी मृत मासूम के शिनाख्ती के लिए जिले और आसपास के पड़ोसी जिलों में सोशल मीडिया के माध्यम से उसकी शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है। जिस तरह से उसकी लाश मिली है उससे ऐसी संभावना जताई जा रही है कि हसदेव दर्री बराज से कहीं मासूम का शव बहकर आया होगा। पुलिस आसपास के बस्तियों में उसकी शिनाख्ती के लिए मुनादी करा कर शिनाख्ती के प्रयास में जुटी हुई है।

# आजीविका मिशन के प्रशिक्षण और स्वरोजगार के बंद पड़े कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में आजीविका मिशन अंतर्गत दिए जाने वाले प्रशिक्षण स्वरोजगार के कारण बंद पड़े हुए हैं। जिले में गठित 12 हजार समूहों में 10 हजार से अधिक समूह निष्क्रिय हो गए हैं। प्रशिक्षण के बाद न तो उन्हें स्वरोजगार के लिए वित्तीय सहायता दिलाई गई और ही दोबारा किसी योजना से जोड़ा गया। ऐसे स्व सहायता समूह ग्रामीण अंचलों के ज्यादा बताये गए हैं।

स्व सहायता समूहों को प्रशिक्षण देने के साथ बैंक से वित्तीय सहायता दिलाकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना था। आजीविका मिशन आने के बाद बिहान योजना लागू कर जिले के सभी विकासखंड में महिला स्व सहायता समूह का गठन किया गया जिन्हें आवासीय प्रशिक्षण देने के लिए जिला पंचायत में आवासीय प्रशिक्षण सभागार का निर्माण किया गया है। आज स्थिति यह है कि आवासीय प्रशिक्षण सभागार के कमरों में स्थानीय कर्मचारी निवास कर रहे हैं। अब प्रशिक्षण पूरी तरह बंद है। महिला स्व सहायता समूह भी आजीविका मिशन दफ्तर में आना बंद कर दिये। जबकि योजनाओं के संचालन के लिए आजीविका मिशन के दफ्तर में कर्मचारियों की पदस्थापना की गई है। जिनके द्वारा जिला पंचायत से ही सभी विकासखंड के समूहों को प्रशिक्षण और स्वरोजगार की जिम्मेदारी निभाई जाती है। बीते डेढ़ वर्ष से सभी तरह के प्रशिक्षण बंद होने के बाद यहां के कर्मचारियों के पास केवल पुराने कार्य ही रह गई है।



#### सरकारी कार्यक्रम में आते हैं समूह

जब कोई बड़े सरकारी कार्यक्रम जिला मुख्यालय में आयोजित होते हैं तो जो समूह सक्रिय हैं या जिनके द्वारा कोई ऐसा कार्य किया जाता है उन्हें लाया जाता है और उनके उत्पाद को प्रदर्शित कर स्वरोजगार योजना के संचालन कार्य को प्रस्तुत किया जाता है। जबकि ऐसे समूह केवल शासकीय कार्यक्रम के लिए ही रहते हैं।

#### पसान की यूनिट भी बंद

विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा के पसान कलस्टर में सीता फल से जूस बनाए जाने की यूनिट की स्थापना की गई थी। जिसके लिए महिला समूहों को प्रशिक्षण दिया गया था। आज वह यूनिट पूरी तरह बंद पड़ी हुई है। ऐसे महिला समूहों को प्रशिक्षण देने के बाद उनके उत्पाद को मार्केट में सप्लाई के लिए कोई सार्थक प्रयास नहीं किए गए। परिणाम स्वरुप यूनिट बंद हो गई। इनके अलावा ऐसे कई यूनिट हैं जो बंद हो गए हैं। जबकि ऐसे समूहों को प्रशिक्षण देकर स्वालंबन की राह में खड़ा करना था। इसी तरह कटघोरा में महिलाओं को प्रशिक्षण देकर आचार बनाए जाने की यूनिट तैयार की गई थी। उनके उत्पाद को मार्केट न मिलने के कारण बंद होने की स्थिति आ गई है।

# घेराव को सफल बनाने के लिए गांव- गांव में आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भूविस्थापित रोजगार एकता संघ ने बरसों पुराने भूमि अधिग्रहण के बदले लंबित रोजगार प्रकरण,मुआवजा, पूर्व में अधिग्रहित जमीन वापसी, प्रभावित गांव के बेरोजगारों को खदान में काम देने,पुनर्वास गांव में बसे भू विस्थापितों को काबिज भूमि का पट्टा देने के साथ 9 सूत्रीय मांगो को लेकर 13 अगस्त को कटघोरा एसडीएम कार्याल घेराव की घोषणा की है।

**खास बात**

- रोजगार और पुनर्वास की मांग को लेकर 13 को घेरेंगे एसडीएम कार्यालय

जिला प्रशासन और एसईसीएल के आश्वासन से थके भूविस्थापितों ने किसान सभा के नेतृत्व में अब आर-पार की लड़ाई लड़ने का मन बना लिया है। आंदोलन को सफल बनाने की तैयारी को लेकर गांव गांव में बैठक आयोजित की जा रही है। 13 अक्टूबर को कटघोरा एसडीएम कार्याल घेराव को सफल बनाने के लिए 1378 दिनों से चल रहे धरना स्थल में भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के अध्यक्ष रेशम यादव, दामोदर श्याम, रघु यादव किसान सभा के जवाहर सिंह कंवर, दीपक साहू, सुमेंद्र सिंह, जय कौशिक की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई। बैठक में आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिले के सभी भू विस्थापितों से अपील की गई है। किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा कि 40-50 वर्ष पहले कोयला उत्खनन के लिए किसानों की हजारों एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया था, लेकिन इसके बाद भी किसी सरकार ने जिला प्रशासन और खुद एसईसीएल ने विस्थापित परिवारों की कभी सुध नहीं ली। आज भी हजारों भूविस्थापित किसान जमीन के बदले रोजगार और बसावट के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस क्षेत्र में जिला प्रशासन की मदद से एसईसीएल ने अपने मुनाफे का महल किसानों और ग्रामीणों की लाश पर खड़ा किया है। किसान सभा इस बर्बादी के खिलाफ भूविस्थापितों के चल रहे संघर्ष में हर पल उनके साथ खड़ी है। किसान सभा के जिला सचिव दीपक साहू ने कहा कि जमीन अधिग्रहण करना हो या गांव खाली कराना जिला प्रशासन एसईसीएल के साथ खड़ी रहती है, लेकिन जमीन अधिग्रहण और गांव खाली कराने के बाद रोजगार और पुनर्वास दिलाने के नाम पर जिला प्रशासन गंभीरता से पहल नहीं करता है। जिसके कारण रोजगार और पुनर्वास से संबंधित कई प्रकरण सालों से लंबित है और भू विस्थापित किसान कार्यालयों के चक्कर काट कर थक गए है, इसलिए भू विस्थापितों को अपने अधिकार को पाने के लिए सड़कों पर उतर कर संघर्ष करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। पहले भी आश्वासन कटोघरा एसडीएम द्वारा दिया गया लेकिन आज तक कई फाइल दीपका तहसील, कटघोरा एसडीएम कार्यालय और कलेक्ट्रेट में पड़ी हुई है।




जागरुकता रैली में शामिल भूविस्थापित।

### एचएसआरपी प्लेट लगवाने प्रेस क्लब में शिविर आज से

**कोरबा।** हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की सोच रहे वाहन स्वामियों के लिए 11 अगस्त से ट्रांसपोर्ट नगर रेलवे क्रॉसिंग स्थित कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में 3 दिनों का विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा।




### मेडिकल कॉलेज अस्पताल में लग रही मरीजों की भीड़

# उमस भरी गर्मी बिगाड़ रही लोगों की सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



जिले में तेज धूप, बारिश, उसम भरी गर्मी ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ रहा है। मौसमी बीमारी से लोग परेशान होने लगे हैं। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आईपीडी (इन पेशेंट डिपार्टमेंट) में इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या 850 से अधिक पहुंच गई है। पंजीयन काउंटर से लेकर अधिकांश चिकित्सकों के कक्ष और दवाई कक्ष के बाहर मरीज व उनके परिजनों की लंबी कतार लगी रही है।

इलाज कराने वाले मरीजों में सबसे अधिक सर्दी, खांसी, बुखार, उल्टी, दस्त सहित अन्य मौसमी बीमारी की चपेट में आने वाले मरीज थे। पिछले एक सप्ताह के भीतर लगभग 4 हजार 600 से अधिक मरीजों ने आईपीडी में इलाज कराया है। सामान्य दिनों में ओपीडी की संख्या 700 के आसपास होती है, लेकिन जब से मौसम में उतार-चढ़ाव शुरू हुआ है, मरीजों की संख्या में इजाफा दर्ज किया गया है। इसके अलावा आपातकालीन यानी अस्पताल में भर्ती होकर इलाज कराने वाले मरीजों की संख्या में भी इजाफा हुआ है। अस्पताल में रोजाना बड़ी संख्या में मरीज अलग-अलग बीमारियों से पीड़ित होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसके अलावा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। जिले में प्रदूषण की समस्या सबसे गंभीर बनी हुई है। शहरी क्षेत्र के निचली बस्तियों में सुबह और शाम खाना पकाने के लिए लोग कोयला सिगड़ी का उपयोग कर रहे हैं। कोयला की उपयोगिता से निकलने वाली धुंआ वातावरण को प्रदूषित कर रही है। वहीं शहरी और उप नगरीय इलाके कोयला लदान, ब्लास्टिंग, कोयला लोड भारी वाहनों के दबाव की वजह से प्रदूषण की समस्या बढ़ती जा रही है। इसे लेकर लोग सबसे अधिक परेशान हो रहे हैं। लोग दमा सहित अन्य सांस संबंधी बीमारी की समस्या लेकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही ओपीडी में आने वाले मरीजों में से लगभग 30 फीसदी मरीज छाती रोग से संबंधित समस्या लेकर पहुंचते हैं, लेकिन पर्याप्त संसाधन नहीं होने की वजह से बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है।




